**RPSC, RSMSSB**

और राजस्थान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहद उपयोगी।

AKSHANSH PUBLICATION

# हिन्दी व्याकरण

**प्रथम संस्करण**

## RAJASTHAN PYQ SERIES

RPSC एवं RSSB की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का नये जिलों के अनुसार वर्तमान संदर्भ में व्याख्या

## अध्यायवार प्रश्नों की व्याख्या

प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी अध्यापक, सब इंस्पेक्टर (राज, पुलिस), जेल प्रहरी, CET, BSTC, PTET, पटवार, ग्राम सेवक, एल. डी. सी., जूनियर एकाउंटेंट, एग्रीकल्चर सुपरवाइजर एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तक।

2010 से 2025 तक के समस्त वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का विश्लेषणात्मक एवं व्याख्यात्मक संकलन



मारवाड़ी सर


**अक्षांश पब्लिकेशन**

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur


व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

AKSHANSH
PUBLICATION

# द्वितीय श्रेणी शिक्षक, चतुर्थ श्रेणी, कांस्टेबल, पटवार एवं स्कूल व्याख्याता सहित 2025 तक आयोजित सभी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का टॉपिक-वाइज विस्तृत व्याख्या सहित संकलन।

| | |
|---|---|
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 2025 |
| पटवार | 2021, 2025 |
| कॉन्स्टेबल | 2022, 2024, 2025 |
| स्कूल व्याख्याता (1st grade) | 2021, 2023, 2025 |
| द्वितीय श्रेणी शिक्षक (2nd grade) (माध्यमिक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के प्रश्न पत्र) | 2020, 2022, 2025 |
| तृतीय श्रेणी शिक्षक (3rd grade) | 2021, 2022, 2024 |
| REET PRE. EXAM | 2018, 2021, 2024 |
| RAS | 2021, 2023, 2025 |
| जेल प्रहरी | 2022, 2025 |
| महिला पर्यवेक्षक | 2024, 2025 |
| BSTC | 2022-2025 |
| PTET | 2022-2025 |
| CET (10+2, स्नातक) | 2023, 2024 |
| पशु परिचर | 2024 |
| CHO | 2024 |
| ANM & Nurse | 2024 |
| सूचना  सहायक | 2024 |
| संगणक | 2024 |
| सांख्यिकी अधिकारी | 2024 |
| कनिष्ठ लेखाकार | 2016, 2024 |
| प्रयोगशाला सहायक | 2018, 2022, 2024 |
| पुस्तकालय अध्यक्षक | 2024 |
| खाद्य सुरक्षा अधिकारी | 2024 |
| स्टेनोग्राफर | 2021, 2023 |
| Protection Officer | 2023 |
| Asstt. Fire Officer & Fireman | 2022 |
| कम्प्यूटर अनुदेशक | 2022 |
| वनपाल वनरक्षक | 2022 |
| ग्राम विकास अधिकारी | 2021, 2022 |
| पुलिस उपनिरीक्षक (SI) | 2018, 2021, 2022 |
| HM (प्रधानाध्यापक) | 2021 |
| Highcourt LDC | 2017, 2023 |
| RPSC LDC | 2011, 2016 |
| RSSB LDC | 2018, 2024 |

---

## RPSC, RSSB एवं अन्य बोर्ड द्वारा राजस्थान में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नों का व्याख्या सहित संकलन

संपादक
**मुकेश मारवाड़ी सर**

सह संपादक
**राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह भाटी**
**अमृत लाल**

प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

MRP : ₹299

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0045

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 01 | राष्ट्रभाषा | 1 - 8 |
| 02 | वर्ण विचार | 09 - 25 |
| 03 | विकारी शब्द (संज्ञा) | 26 - 38 |
| 04 | विकारी शब्द (सर्वनाम) | 39 - 51 |
| 05 | विकारी शब्द (विशेषण) | 52 - 65 |
| 06 | विकारी शब्द (क्रिया) | 66 - 79 |
| 07 | अविकारी शब्द (अवयव शब्द) | 80 - 88 |
| 08 | लिंग | 89 - 94 |
| 09 | वचन | 95 - 98 |
| 10 | काल | 99 - 105 |
| 11 | कारक | 106 - 117 |
| 12 | पक्ष एवं वृत्ति | 118 - 122 |
| 13 | वाच्य | 123 - 133 |
| 14 | वाक्य विचार | 134 - 151 |
| 15 | संधि | 152 - 167 |
| 16 | समास | 168 - 191 |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | उपसर्ग | 192 - 212 |
| 18 | प्रत्यय | 213 - 227 |
| 19 | विराम चिह्न | 228 - 241 |
| 20 | तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी शब्द | 242 - 254 |
| 21 | पर्यायवाची शब्द | 255 - 271 |
| 22 | विलोम शब्द | 272 - 289 |
| 23 | अनेकार्थी शब्द | 290 - 296 |
| 24 | समश्रुत भिन्नार्थक शब्द | 297 - 316 |
| 25 | शब्द शुद्धि | 317 - 334 |
| 26 | वाक्य शुद्धि | 335 - 343 |
| 27 | वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द | 344 - 356 |
| 28 | मुहावरे एवं लोकोक्ति | 357 - 370 |
| 29 | पारिभाषिक शब्दावली | 371 - 380 |
| 30 | पत्र-व्यवहार | 381 - 385 |
| 31 | हिन्दी वाक्यों का अनुवाद | 386 - 392 |
| 32 | गद्यांश | 393 - 400 |
| 33 | पद्यांश | 401 - 404 |

# 01 राष्ट्रभाषा

◪ **संविधान की किस अनुसूची में राजभाषाओं को सम्मिलित किया गया है?**

**पटवार भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) पाँचवीं (b) आठवीं
(c) सातवीं (d) नौंवी

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ भारतीय संविधान की **आठवीं अनुसूची (8th Schedule) में** राजभाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है।

➢ भारतीय संविधान के **भाग XVII में अनुच्छेद 343 से 351 तक** शामिल अनुच्छेद आधिकारिक भाषाओं से संबंधित हैं।

➢ शुरुआत में **इसमें 14 भाषाएँ** थीं।

➢ वर्तमान में इसमें **कुल 22 भाषाएँ** शामिल हैं।

| वर्ष | संविधान संशोधन | जोड़ी गई भाषा |
|---|---|---|
| 1967 | 21 वाँ | सिन्धी |
| 1992 | 71 वाँ | नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी |
| 2003-04 | 92 वाँ | संथाली, मैथिली, बोडो, डोगरी |

◪ **संविधान की आठवीं अनुसूची में अब तक कितनी भाषाएँ सम्मिलित की जा चुकी हैं?**

**द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-01.07.2017**

(a) 20 (b) 21
(c) 22 (d) 23

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ वर्तमान में संविधान की **आठवीं अनुसूची में कुल 22 भाषाएँ** सम्मिलित हैं।

➢ जब वर्ष 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ, तब **14 भाषाएँ** आठवीं अनुसूची में थी।

➢ यह **22 भाषाएँ** इस प्रकार है-

1. असमिया 2. बांग्ला
3. गुजराती 4. हिंदी
5. कन्नड़ 6. कश्मीरी
7. कोंकणी 8. मैथिली
9. मलयालम 10. मणिपुरी
11. मराठी 12. नेपाली
13. उड़िया 14. पंजाबी
15. संस्कृत 16. संथाली
17. सिंधी 18. तमिल
19. तेलुगु 20. उर्दू
21. बोडो 22. डोगरी

◪ **संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा राजभाषा हिन्दी का विकास करना केन्द्र सरकार का कर्त्तव्य माना गया है?**

**IST GRADE HINDI - 23-06-2025**

(a) अनुच्छेद 345 (b) अनुच्छेद 350
(c) अनुच्छेद 351 (d) अनुच्छेद 344

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ संविधान का अनुच्छेद 351 केंद्र सरकार को हिंदी राजभाषा के विकास का कर्त्तव्य सौंपता है।

➢ यह अनुच्छेद संघ को हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाने और उसका विकास करने के लिए निर्देश देता है।

◪ **संविधान के किस अनुच्छेद से हिंदी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश प्राप्त होता है?**

**CET 2024 (Graduate) 28 September 2024 Shift-1**

(a) अनुच्छेद 281 (b) अनुच्छेद 363
(c) अनुच्छेद 243 (d) अनुच्छेद 351

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखे

**कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है?**

**व. अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)-20.2.2019**

(a) मणिपुरी (b) कोंकणी
(c) राजस्थानी (d) मैथिली

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ राजस्थानी भाषा **संविधान की आठवीं अनुसूची** में सम्मिलित नहीं है।

**किस क्रम में कथन असत्य है?**

**पटवार परीक्षा, 211**

(a) संविधान में 14 सितम्बर, 1950 को हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया।
(b) हिन्दी का राजभाषा के रूप में, प्रयोग स्वतंत्रता के बाद ही प्रारम्भ हुआ।
(c) संविधान के अनुच्छेद 348 एवं 349 में उच्चतम और न्यायालयों की भाषा के बारे में प्रावधान है।
(d) संविधान के अनुच्छेद 345 का सम्बन्ध राज्य की राजभाषा अथवा राजभाषाओं से है।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ **संविधान में 14 सितम्बर, 1949** को हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया

**भारतीय संविधान में राजभाषा के संबंध में किन अनुच्छेदों में व्यवस्था की गई है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2013**
**द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2014**

(a) अनुच्छेद 343-351 (b) अनुच्छेद 143-151
(c) अनुच्छेद 243-251 (d) अनुच्छेद 443-451

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ भारत के **संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343 से 351** तक **राजभाषा संबंधी प्रावधान** विहित हैं।
➢ संविधान के **अनुच्छेद 343 के खंड (a)** में हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता प्रदान की गयी है, जिसकी लिपि **देवनागरी** होगी ।

**राजभाषा अधिनियम में संशोधन कब हुआ?**

**पटवार भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) 1960 ई. (b) 1967 ई.
(c) 1965 ई. (d) 1969 ई.

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ राजभाषा अधिनियम में **संशोधन वर्ष 1967** में किया गया था।
➢ राजभाषा अधिनियम **मूल रूप से 1963 में पारित** हुआ था।

➢ इस अधिनियम के अंतर्गत हिन्दी को केंद्र सरकार की राजभाषा घोषित किया गया, लेकिन जब **वर्ष 1965 में** अंग्रेज़ी को पूरी तरह हटाकर केवल हिन्दी लागू करने की बात उठी, तो दक्षिण भारत में विरोध हुआ।

**किस क्रम में सत्य कथन है?**

**पटवार भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) सरकारी कामकाज की भाषा को राजभाषा कहते हैं।
(b) संविधान की आठवीं सूची में 15 भाषाएँ है।
(c) संविधान में हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित किया गया है।
(d) केन्द्रीय हिन्दी समिति का अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ सरकारी कामकाज की भाषा को **राजभाषा कहा** जाता है।

**राजभाषा अधिनियम कब पारित हुआ?**

**पटवार भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) 10 जुलाई, 1966 (b) 10 मई, 1963
(c) 10 जनवरी, 1956 (d) 14 सितम्बर, 1949

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ राजभाषा अधिनियम **10 मई, 1963 को पारित** हुआ था।
– राजभाषा अधिनियम (Official Language Act) भारत में **1963 में पारित हुआ** था। इसे **राजभाषा अधिनियम, 1963** कहा जाता है।
➢ यह अधिनियम भारत सरकार के कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था।
➢ इसी के चलते 1967 में अधिनियम में संशोधन किया गया ताकि हिन्दी और अंग्रेज़ी—दोनों भाषाएँ केंद्र सरकार के कार्यों में समानांतर रूप से चल सकें।

# वर्ण विचार

**◪ वर्ण के कितने प्रकार है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2012**

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ वर्ण के दो प्रकार होते हैं–
1. स्वर
2. व्यंजन।

➢ ध्वनि के बोले और लिखे रूप को 'वर्ण' कहते हैं। जैसे– ख, प।

➢ **वर्ण–** लिखित रूप से भाषा की वह सबसे छोटी इकाई जिसके और अधिक टुकड़े न किए जा सके, वर्ण कहलाता है; जैसे–क, ग, च्, ज्, प्, फ् इत्यादि।

➢ **स्वर**– वे वर्ण जिनके उच्चारण में किसी अन्य वर्ण के सहयोग की आवश्यकता नहीं होती अर्थात् स्वतंत्र रूप से उच्चारित होने वाली ध्वनियाँ स्वर कहलाती है।

➢ **व्यंजन**– वे वर्ण जिनके उच्चारण में किसी अन्य वर्ण के सहयोग की आवश्यकता होती है अर्थात् स्वरों के सहयोग से उच्चारित होने वाली ध्वनियाँ व्यंजन कहलाती हैं।

**◪ देवनागरी लिपि के अनुसार निम्नलिखित में से आगत लिपि चिन्ह युक्त शब्द कौन-सा है?**

**IST GRADE HINDI - 23-06-2025**

(a) विसर्ग (b) गद्यांश
(c) डॉक्टर (d) क्षत्रप

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ ऑ को हिन्दी में ग्रहीत स्वर माना गया है।

**◪ संयुक्तों को छोड़कर हिन्दी में मूल वर्णों की संख्या कितनी है?**

**राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा, 2011**

(a) 36 (b) 44
(c) 48 (d) 53

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ संयुक्तों को छोड़कर हिन्दी में मूल वर्णों की संख्या 44 है।

➢ **व्यंजन–**वे वर्ण जिनके उच्चारण में फेफड़ों से छोड़े जाने वाली वायु वाग्यंत्र (वाक् + यंत्र) के किसी अवयव को स्पर्श करते हुए बाहर निकलती है, व्यंजन कहलाते हैं।

➢ व्यंजनों की संख्या–33
(i) क से म तक = 25 (स्पर्श व्यंजन)
(ii) य, र, ल, व = 4 (अन्त:स्थ व्यंजन)
(iii) श, ष, स, ह = 4 (ऊष्म/संघर्षी व्यंजन)

➢ **विशेष –** हिन्दी वर्णमाला में वर्णों की संख्या 44 (11 स्वर + 33 व्यंजन) होती है, लेकिन कुल वर्णों की संख्या 53 है।
(i) स्वर– 11
(ii) व्यंजन – 33
(iii) अयोगवाह – 2 (अं, अ:)
(iv) उत्क्षिप्त– 2 (ड़, ढ़,)
(v) संयुक्त व्यंजन– 4 (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) क्ष = क् + ष त्र = त् + र ज्ञ = ज् + ञ श्र = श् + र
(vi) विशिष्ट व्यंजन – 1 (ळ)

➢ हिन्दी की मानक लिपि 'देवनागरी' के अनुसार कुल वर्णों की संख्या 53 मानी गई हैं।

**◪ वर्णमाला में मात्रा का अर्थ है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा–2013**

(a) वर्ण की मात्राएँ
(b) वर्ण के उच्चारण में लगने वाला समय
(c) ध्वनि का परिमाण
(d) वर्णों का क्रम

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ वर्णमाला में मात्रा का अर्थ है किसी स्वर के उच्चारण में लगने वाला समय या फिर स्वरों को दर्शाने के लिए प्रयुक्त होने वाले चिन्ह।

**उच्चारण काल:**

➢ मात्रा का अर्थ है किसी स्वर को बोलने में लगने वाला समय, जैसे "अ" का उच्चारण बहुत कम समय में होता है, जबकि "आ" का उच्चारण थोड़ा लंबा होता है।

**जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएँ लगती है, उसे कहते हैं?**

**पटवार भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) मूल स्वर (b) संयुक्त स्वर
(c) गुरु स्वर (d) लघु स्वर

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएँ लगती है, उसे गुरु स्वर कहते हैं।
उच्चारण अवधि के आधार पर–

1. **ह्रस्व स्वर–** वे स्वर जिनके उच्चारण में कम समय लगता है अर्थात् एक मात्रा का समय लगता है, ह्रस्व स्वर कहलाते हैं;

➢ **जैसे–** अ, इ, उ, ऋ (4)

➢ **विशेष–** इन्हें लघु स्वर, मूल स्वर और एकमात्रिक स्वर भी कहते हैं।

2. **दीर्घ स्वर–** वे स्वर जिनके उच्चारण में ह्रस्व स्वरों की तुलना में दुगुना समय लगता है अर्थात् दो मात्रा का समय लगता है, दीर्घ स्वर कहलाते हैं; **जैसे–** आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ (7)

➢ **विशेष–** इन्हें दीर्घ स्वर, संधि स्वर और द्विमात्रिक स्वर भी कहते हैं।

**ध्वनि किसकी लघुत्तम इकाई है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा–2013**

(a) शब्द (b) भाषा
(c) अक्षर (d) वाक्य

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ ध्वनि, भाषा की लघुत्तम इकाई है।

➢ भाषा की सबसे छोटी मौखिक इकाई को ध्वनि कहते हैं।

**भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई कौन–सी है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा–2013**

(a) वर्ण (b) वाक्य
(c) शब्द (d) उपवाक्य

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई शब्द है।

➢ **शब्द–** ऐसा स्वतंत्र वर्ण समूह जिसका एक सार्थक निश्चित) अर्थ हो, शब्द कहलाता है।

➢ जैसे –सुं+द+र = सुंदर, क+म+ल = कमल।

**'ढ' का उच्चारण स्थान है–**

**REET – L 1 - 2017**

(a) कण्ठ (b) तालु
(c) मूर्धा (d) दन्त

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ 'ढ' का उच्चारण स्थान मूर्धा है।

➢ उच्चारण के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण पांच प्रकार से किया गया है जो इस प्रकार है – कंठ (गले), तालू (जीभ), मूर्धा (मसूड़े), दांत, ओष्ठ (होंठ)।

➢ ‘ढ’, जो की 'ट' वर्ग से है, का उच्चारण मूर्धा से होता है इसलिए इसे मूर्द्धन्य ध्वनि भी कहते हैं।

**इनमें से किस विकल्प के सभी वर्ण 'मूर्धन्य' हैं–**
**वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)–20.02.2019**

(a) ठ, ण, घ, ध (b) र, ड ष, ट
(c) ट, ढ, ष, फ (d) ण, ऋ, ढ़, झ

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त विकल्पों में से विकल्प (b) में सभी वर्ण 'मूर्धन्य' हैं।

**इनमें से किस वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठोष्ठ' है?**

**वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा)–04.07.2019**

(a) ए (b) ओ
(c) उ (d) ऐ

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ सही उत्तर 'ओ' हैं।

➢ 'ओ' वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठोष्ठ' है।

➢ जिन का उच्चारण स्थान कण्ठ और ओष्ठ दोनों से होता है, **कंठोष्ठ वर्ण कहलाते** है।

➢ अर्थात् ओ और औ का उच्चारण स्थान है– कंठोष्ठ

➢ ए, ऐ का उच्चारण स्थान कण्ठ और तालु तथा उ का उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

# विकारी शब्द (संज्ञा)

◪ व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

**PTET 2025**

(a) पहाड़ (b) नदी
(c) सभा (d) काशी

**उत्तर (d) व्याख्या:–**
➢ पहाड़ (जातिवाचक संज्ञा)
➢ नदी (जातिवाचक संज्ञा)
➢ सभा (जातिवाचक संज्ञा)
➢ काशी (व्यक्तिवाचक संज्ञा)

◪ संज्ञा का प्रकार नहीं है–

**आर टेट द्वितीय स्तर,2008**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) देशवाचक (d) भाववाचक

**उत्तर (c) व्याख्या:–**
➢ मुख्यतः संज्ञा के तीन भेद माने जाते हैं–
➢ व्यक्तिवाचक संज्ञा
➢ जातिवाचक संज्ञा (1. समूह वाचक, 2. द्रव्य वाचक)
➢ भाववाचक संज्ञा

◪ निम्नलिखित भेदों में से कौन-सा संज्ञा का भेद नहीं है?

**4th Grade - 20.09.2025 (1st Shift)**

(a) जातिवाचक (b) द्रव्यवाचक
(c) आश्चर्यवाचक (d) व्यक्तिवाचक

**उत्तर (c) व्याख्या:–**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?

**4th Grade - 19.09.2025 (1st Shift)**

(a) गंगा
(b) हिमालय
(c) धनवान
(d) रामचरितमानस

**उत्तर (c) व्याख्या:–**
➢ किसी विशेष व्यक्ति, विशेष वस्तु, विशेष स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है। जैसे :– गंगा, हिमालय, रामचरित मानस, कामायनी, उदयपुर, जोधपुर आदि।

◪ निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है?

**4th Grade - 21.09.2025 (2nd Shift)**

(a) भारत (b) गंगा
(c) पहाड़ (d) हिमालय

**उत्तर (c) व्याख्या:–**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है:

**4th Grade - 19.09.2025 (2nd Shift)**

(a) हिमालय
(b) सच्चाई
(c) सभा
(d) मिट्टी

**उत्तर (b) व्याख्या:–**
➢ किसी पदार्थ के धर्म या भाव का बोध करवाने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते है। जैसे :– सच्चाई, बुराई, अच्छाई सुन्दरता आदि।

◪ निम्नलिखित वाक्यों में से कौन भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है?

**4th Grade - 21.09.2025 (1st Shift)**

(a) बुढ़ापा जीवन की कठिन अवस्था है।
(b) रामचरितमानस हिंदी साहित्य की अनुपम निधि है।
(c) मित्रता जीवन का परम धर्म है।
(d) ममता स्त्री का असली धन है।

**उत्तर (b) व्याख्या:–**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **निम्नलिखित शब्दों में से समूहवाचक संज्ञा का उदाहरण है:**

**4th Grade - 20.09.2025 (2nd Shift)**

(a) ममता (b) सभा
(c) बचपन (d) मित्रता

**उत्तर (b) व्याख्या:–**
➢ समूह का बोध करवाने वाले शब्दों में समूह वाचक संज्ञा होती है। जैसे :– सभा, परिवार, कक्षा, दल, जत्था आदि।

◪ **झूठा आदमी विश्वास के योग्य नहीं होता इस वाक्य में विश्वास है–**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा,2012**

(a) अकर्मक क्रिया (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) गुणवाचक विशेषण (d) भाववाचक संज्ञा

**उत्तर (d) व्याख्या:–**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **संज्ञा शब्दों के संबंध में असंगत कथन है**

**2nd Grade हिन्दी : 11.09.2025**

(a) संज्ञा शब्दों में केवल दो ही कारणों - लिंग और वचन - से विकार होता है, अन्य किसी कारण से नहीं होता।
(b) भाववाचक संज्ञाएँ क्रिया, विशेषण आदि शब्दों से बनाई जाती हैं।
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा अनेक बार जातिवाचक संज्ञा के रूप में परिवर्तित होती है ।
(d) कई बार जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में होता है।

**उत्तर (a) व्याख्या:–**
➢ संज्ञा में शब्द रूपांतरण की इकाइयों के आधार पर परिवर्तन होता है।

◪ **'मधुर' विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा,2012**

(a) माधुर्य (b) मधुरिमा
(c) माधुरी (d) मधुरता

**उत्तर (a) व्याख्या:–**
➢ दिए गए 'मधुर' शब्द में मूल शब्द 'मधु' है। मधु का विशेषण मधुर होता है।
➢ माधुर्य भाववाचक संज्ञा है;
➢ जैसे– सुन्दर–सौन्दर्य, मधुर + य = माधुर्य, माधुर + ता = माधुरता

◪ **कौन–सा प्रत्यय लगाने से 'मधुर' विशेषण भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित हो जाएगा?**

**आर. टेट प्रथम स्तर, 2011**

(a) त्व (b) ता
(c) तम (d) पन

**उत्तर (b) व्याख्या:–**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **किस विकल्प के सभी शब्द भाववाचक संज्ञा हैं?**

**वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)–20–02–2019**

(a) बालक, प्रीति, अनेकता
(b) पशुता, पुस्तक, शौर्य
(c) सौन्दर्य, अपनापन, निपुण
(d) ईर्ष्या, बचपन, नैतिकता

**उत्तर (d) व्याख्या:–**
➢ विकल्प (d) के सभी शब्द, ईर्ष्या, बचपन, नैतिकता भाववाचक संज्ञाएँ हैं।
➢ बालक शब्द **व्यक्तिवाचक संज्ञा** का है।

◪ **किस विकल्प में सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है?**

**वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा)–20–02–2019**

(a) समता (b) ममता
(c) विषमता (d) आर्थिकता

**उत्तर (b) व्याख्या:–**
➢ **सर्वनाम–** संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को **सर्वनाम** कहा जाता है।
➢ ममता शब्द 'मम' शब्द में ता प्रत्यय के योग से बना है।
➢ 'मम' = मेरा → यह एक सर्वनाम है।
➢ इसमें 'ता' प्रत्यय जोड़ने से बना है, 'ममता', जो कि भाववाचक संज्ञा है।

◪ **किस विकल्प के सभी शब्द क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा हैं?**

**वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) 20–02–2019**

(a) पढ़ाई, लिखावट (b) भलाई, सजावट
(c) बुराई, बनावट (d) अच्छाई, दिखावट

# विकारी शब्द (सर्वनाम)

**◪ वह सर्वनाम जिससे कर्ता के साथ अपनापन प्रकट हो, कहलाता है-**

**PTET 2025**

(a) निजवाचक सर्वनाम (b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

**1. निजवाचक सर्वनाम**

➢ इस प्रकार का सर्वनाम तब प्रयोग होता है जब कर्ता स्वयं अपने लिए कुछ कहता है और वाक्य में स्वत्व, आत्मीयता या अपनापन झलकता है।

➢ उदाहरण: स्वयं, अपने आप, स्वतः

➢ जैसे: राम ने स्वयं निर्णय लिया।

**2. संबंधवाचक सर्वनाम:**

➢ यह दो वाक्यांशों या संज्ञाओं के बीच संबंध स्थापित करता है।

➢ उदाहरण: जो बोलेगा, वही पाएगा।

**3. निश्चयवाचक सर्वनाम:**

➢ यह किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के बारे में सुनिश्चित जानकारी देता है।

➢ उदाहरण: यह लड़का मेरा भाई है।

**4. प्रश्नवाचक सर्वनाम**:

➢ इसका प्रयोग किसी प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है।

➢ उदाहरण: कौन आया है?, क्या चाहिए?

**◪ संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा, 2012**

(a) कारक (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ सर्वनाम का अर्थ है– सबका नाम।

➢ **सर्वनाम** वे शब्द होते हैं जो संज्ञा (नाम) के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं।

➢ जब किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या प्राणी का नाम बार–बार दोहराने के बजाय किसी दूसरे शब्द का प्रयोग किया जाता है, तो उसे **सर्वनाम** कहते हैं।

**उदाहरण**

➢ राम स्कूल गया। वह पढ़ाई में अच्छा है।

➢ यहाँ **"वह"** शब्द "राम" के स्थान पर प्रयोग हुआ है, इसलिए यह **सर्वनाम** है।

➢ **संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम** कहलाते हैं; जैसे– मैं, तुम, यह, वह, हम, वे, उस, आप इत्यादि शब्द सर्वनाम हैं; जैसे – 'मैं' का प्रयोग सभी व्यक्ति अपने लिए करते हैं,

➢ अत: 'मैं' किसी एक का नाम न होकर सबका नाम अर्थात् सर्वनाम है।

**◪ सर्वनाम के भेद होते हैं?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा, 2012**
**CET-2024 (SHIFT-1)**

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ **सर्वनाम के भेद –** सर्वनाम के **छह भेद** माने गए हैं, जो इस प्रकार हैं–

(1) पुरुषवाचक (2) निजवाचक
(3) निश्चयवाचक (4) संबंधवाचक
(5) अनिश्चयवाचक (6) प्रश्नवाचक

**◪ किस क्रम में सर्वनाम का भेद नहीं है?**

**पटवार परीक्षा, 2011**
**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा, 2011**

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम
(d) अस्तित्यवाचक सर्वनाम

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**◪ सर्वनाम का प्रकार नहीं है–**

**पटवार - 24.12.2016**

(a) निजवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) गुणवाचक (d) पुरुषवाचक

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ गुणवाचक सर्वनाम का प्रकार नहीं है।

◪ **निम्न में से कौन–सा शब्द सर्वनाम नहीं है?**
**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2012**
(a) उस (b) मैं
(c) तुम (d) सड़क

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **यह, वह, तुम, आप हैं –**
**RJS परीक्षा–2013–14**
(a) क्रिया (b) संज्ञा
(c) विशेषण (d) सर्वनाम

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ यह, वह, तुम, आप सर्वनाम हैं।
➢ संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहा जाता है।

◪ **'दरवाजे पर कौन है?'**
**उपरोक्त वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?**
**4th Grade - 19.09.2025 (1st Shift)**
(a) संबंधवाचक सर्वनाम
(b) परिमाणवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ **प्रश्नवाचक सर्वनाम-** इस प्रकार के सर्वनाम का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए- कौन, क्या, कब आदि।

◪ **'जो कमाएगा, वही खाएगा' वाक्य में कौन-सा सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है?**
**4th Grade - 19.09.2025 (2nd Shift)**
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ 'जो कमाएगा, वही खाएगा' वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है। यहाँ 'जो' और 'वही' शब्द आपस में एक-दूसरे से संबंधित हैं।

◪ **निम्नलिखित में से किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?**
**4th Grade - 21.09.2025 (2nd Shift)**
(a) मैं आप चला जाऊँगा।
(b) जो सोता है, सो खोता है।
(c) मुझे कुछ दे दो।
(d) वह जंगली गाय है।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

78. **"वह लड़का पकड़ा गया, जो कल यहाँ आया था।" वाक्य में 'जो' सर्वनाम का संबंध इनमें से किससे है?**
**4th Grade - 20.09.2025 (1st Shift)**
(a) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) संबंधवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ ऐसे सर्वनामों **को** संबंधवाचक **सर्वनाम** कहा जाता है।
➢ वाक्य में 'जो' सर्वनाम का संबंध 'वह लड़का' से है, क्योंकि यह 'लड़का' संज्ञा शब्द के साथ संबंध स्थापित कर रहा है, जो एक संबंधवाचक सर्वनाम है।

◪ **निम्नलिखित वाक्यों में से निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण कौन सा है?**
**4th Grade - 21.09.2025 (1st Shift)**
(a) जो झूठ बोलता है वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता।
(b) यह लाना ज़रा।
(c) कौन है वहाँ, सामने आओ।
(d) मैं स्वयं चला जाऊँगा।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

# विकारी शब्द (विशेषण)

**◪ जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं–**

**पटवार मुख्य परीक्षा-24.12.2016**

**II Grade (San. Edu) Hindi - 13.02.2023**

(a) विशेषण (b) सर्वनाम
(c) कारक (d) क्रिया

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ **विशेषण –** विशेषण वह शब्द होता है जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है और उसकी सीमा या गुण को स्पष्ट करता है।

➢ इस तरह, वह संज्ञा की व्याप्ति को सीमित (मर्यादित) करता है। उदाहरण — लाल फूल, यहाँ "लाल" विशेषण है।

➢ **क्रिया –** क्रिया वह शब्द होता है जिससे किसी कार्य का करना, होना या होना बताया जाता है।

➢ यह शब्द वाक्य में किसी क्रिया (एक्शन), अवस्था (स्थिति) या भाव (फीलिंग) को प्रकट करता है।

➢ उदाहरण — खाना, सोना, खेलना, पढ़ना आदि।

**◪ विशेषण किस शब्द की विशेषता बताते हैं?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2013**

(a) संज्ञा की (b) सर्वनाम की
(c) संज्ञा और सर्वनाम की (d) कारक की

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**◪ कौन–सा विकारी है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2012**

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) सम्बन्ध बोधक (d) समुच्चबोधक

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ **विशेषण –** संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता प्रकट करने वाले शब्दों को **'विशेषण'** कहते हैं।

➢ जैसे– अमृत स्वस्थ है। (विशेषण **'स्वस्थ'** व्यक्ति अमृत की विशेषता बता रहा है।)

➢ हिन्दी में संज्ञा, विशेषण, क्रिया और सर्वनाम — ये चार शब्द भेद विकारी शब्द कहलाते हैं।

➢ वहीं, क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक, समुच्चय बोधक, विस्मयादिबोधक और निपात — ये पाँच अविकारी (अव्यय) शब्द माने जाते हैं।

**◪ व्याकरण की दृष्टि से कौन–सा कथन गलत है?**

**Head Master – 11.10.2021**

(a) संज्ञा, सर्वनाम और क्रिया 'विकारी शब्द' है।
(b) विशेषण और क्रिया विशेषण 'अविकारी शब्द' हैं।
(c) 'अविकारी शब्दों' को अव्यय भी कहते हैं।
(d) क्रिया के प्रमुख रूप से दो भेद माने गये हैं, सकर्मक और अकर्मक।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**◪ निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य गुणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है?**

**4th Grade-19.09.2025 (1st Shift)**

(a) महंगाई में सेर-भर दूध भी खरीदना मुश्किल है।
(b) मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।
(c) नीलिमा के पास चमकीले कपड़े हैं।
(d) कश्मीरी सेब लाल होता है।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ **गुणवाचक विशेषण-** वे विशेषण जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, अवस्था, रंग, आकार आदि का बोध कराते हैं।

➢ मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।

➢ नीलिमा के पास चमकीले कपड़े हैं।

➢ कश्मीरी सेब लाल होता है।

➢ **परिमाणवाचक विशेषण-** वे विशेषण जो किसी वस्तु की मात्रा या माप बताते हैं।

➢ महंगाई में सेर-भर दूध भी खरीदना मुश्किल है।

**"बारात को खाना खिलाने के लिए क्विटल-भर अनाज चाहिए।" - इस वाक्य में कौन-सा विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**

**4th Grade - 20.09.2025 (2nd Shift)**

(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) संख्यावाचक विशेषण

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

**व्याख्या:–**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**निम्नलिखित में से कौन परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण है?**

**4th Grade - 21.09.2025 (1st Shift)**

(a) बहुत बेईमान
(b) तीन किताबें
(c) क्विटल-भर चावल
(d) दयनीय स्थिति

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**"सरकार ने स्थानीय कलाकारों को बुलाया है।" इस वाक्य में किस विशेषण का प्रयोग हआ है?**

**4th Grade - 19.09.2025 (2nd Shift)**

(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) परिमाणबोधक विशेषण

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ स्थानीय शब्द कलाकारों की विशेषता बता रहा है, इसलिए यह गुणवाचक विशेषण है।

**सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए-**

**4th Grade - 20.09.2025 (1st Shift)**

| सूची I (शब्द) | सूची II (विशेषण) |
|---|---|
| a. दुबला | I. संख्यावाचक विशेषण |
| b. पच्चीस | II. तुलनात्मक विशेषण |
| C. अत्यंत | III. गुणवाचक विशेषण |
| d. अधिक | IV. प्रविशेषण |

नीचे दिये गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-I, c-IV, d-II
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-II, b-IV, c-III, d-I

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ दुबला - गुणवाचक विशेषण
➢ पच्चीस – संख्यावाचक विशेषण
➢ अत्यंत – प्रविशेषण
➢ अधिक - तुलनात्मक विशेषण

**'मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया' में विशेषण है?**

**[आर. टेट द्वितीय स्तर, 2011]**

(a) काली (b) पतलून
(c) मदन (d) खेलने

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ **विशेष्य और विशेषण –** जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं।
➢ जो शब्द उस विशेषता को बताता है, उसे विशेषण कहते हैं। आमतौर पर विशेषण, विशेष्य के पहले आता है।
➢ उदाहरण — मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया।
➢ इसमें पतलून विशेष्य है, क्योंकि उसके रंग की विशेषता बताई गई है।
➢ काली शब्द विशेषण है, क्योंकि यह पतलून का रंग बता रहा है।

# विकारी शब्द (क्रिया)

**◪ जिस विकारी शब्द प्रयोग से हम किसी वस्तु के विषय में कुछ विधान करते हैं, उसे, कहते हैं-**
**RPSC कनिष्ठ लिपिक परीक्षा, 2011**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ जो शब्द किसी वस्तु के विषय में कुछ करना, कराना या होने का बोध कराए, वह क्रिया कहलाता है।
➢ उदाहरण - राम खाना खा रहा है = यहाँ "खा रहा है" क्रिया है जो कार्य का विधान कर रही है।
➢ बच्चा सो गया - "सो गया" क्रिया है, जो स्थिति को दर्शा रही है।
➢ इसलिए इस विशेष संदर्भ में - "विधान" शब्द का अर्थ है: किसी कार्य या स्थिति का बोध, जो कि क्रिया से होता है।

**◪ क्रिया कितने प्रकार की होती है?**
**पटवार भर्ती परीक्षा-2011**
**तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2012**

(a) चार (b) सात
(c) पाँच (d) दो

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
1. **सकर्मक क्रिया -** वे क्रियाएँ जिनका असर कर्ता से हटकर किसी अन्य वस्तु (कर्म) पर पड़ता है, उन्हें सकर्मक क्रिया कहा जाता है।

**उदाहरण –**
➢ सतीश ने केले खरीदे।
बच्चा दूध पी रहा है।
मोहन आम खाता है।
➢ इन वाक्यों में यदि कर्ता और क्रिया के बीच "क्या?" प्रश्न पूछा जाए, तो उत्तर में कोई वस्तु (कर्म) मिलती है।
➢ जैसे बच्चा क्या पी रहा है? → दूध
➢ सतीश ने क्या खरीदे? → केले
➢ इससे स्पष्ट है कि "पी रहा है" और "खरीदे" क्रियाएँ सकर्मक हैं।

2. **अकर्मक क्रिया -** वे क्रियाएँ जिनका कोई सीधा प्रभाव किसी कर्म पर नहीं पड़ता, वे अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं। इनमें केवल कर्ता होता है और उसके द्वारा किया गया कार्य स्वयं पर ही सीमित रहता है।

**उदाहरण –**
➢ राम हँस रहा है।
➢ वह दौड़ रहा है।
➢ इन वाक्यों में "क्या?" पूछने पर कोई उत्तर नहीं मिलता, इसलिए "हँस रहा है" और "दौड़ रहा है" जैसी क्रियाएँ अकर्मक मानी जाती हैं।

**◪ जिन क्रियाओं का फल कर्म पर पड़ता है, वे कही जाती हैं-**
**4th Grade - 20.09.2025 (1st Shift)**

(a) सकर्मक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) अपूर्ण क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**◪ सकर्मक क्रिया वाला वाक्य छाँटिए?**
**[राज. पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2011]**

(a) राजू सदा रोता रहता है।
(b) हरीश बस पर चढ़ गया।
(c) कैलाश छत से गिर पड़ा।
(d) सतीश ने केले खरीदे।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**◪ निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया वाले वाक्य का चयन कीजिए-**
**[LDC-09.09.2018]**

(a) राधा अभी जयपुर होकर आई है।
(b) बन्दर केला खाता है।
(c) साँप रेंगता है।
(d) अब मैं क्या करूँ?

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **सकर्मक क्रिया का उदाहरण चुनिए-**
**[LDC-19.08.2018]**
(a) गीता हँस रही है।
(b) पक्षी उड़ रहे हैं।
(c) गगन आम खाता है।
(d) रमेश देर तक सोता है।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **अकर्मक क्रिया का वाक्य है-**
**[LDC-09.09.2018]**
(a) राम गिलास से दूध पीता है।
(b) लड़का मैदान में फुटबॉल खेल रहा है।
(c) लड़कियाँ चुपचाप पुस्तकें पढ़ रही हैं।
(d) लड़की गा रही है।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?**
**III Grade (L-1)-25.2.2023**
**पटवार भर्ती परीक्षा-2011**
(a) नौकर पानी भरता है।
(b) वह फुटबाल खेल रहा है।
(c) रमा हँसती है।
(d) सुधा सुधा फल खा रही है।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**
**स्कूल व्याख्याता परीक्षा-09.01.2020**
(a) रमेश भोजन कर रहा है।
(b) रेशमा बदायूँ जा रही है।
(c) तारे टिमटिमा रहे हैं।
(d) नदी बह रही है।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?**
**4th Grade - 19.09.2025 (1st Shift)**
(a) आज हमने खीरे खाए।
(b) रोहन रो रहा है।
(c) नेहा कपड़े धोती है।
(d) राम पत्र लिख रहा है।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ रोहन रो रहा है। अकर्मक क्रिया वह होती है जिसमें क्रिया का फल सीधे कर्ता पर पड़ता है और कर्म की आवश्यकता नहीं होती।

◪ **निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**
**4th Grade - 19.09.2025 (2nd Shift)**
(a) श्याम सोता है। (b) कृष्ण नहाता है।
(c) महेश खाँसता है। (d) राम पढ़ता है।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ राम पढ़ता है" में अकर्मक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है क्योंकि यहाँ 'पढ़ता' क्रिया एक सकर्मक क्रिया है, जिसका अर्थ है कि क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।

◪ **निम्नलिखित में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**
**4th Grade - 20.09.2025 (2nd Shift)**
(a) वह विज्ञान पढ़ाता है।
(b) बच्चा गीत गा रहा है।
(c) मेरा दिल घबराता है।
(d) मोहन क्रिकेट खेलता है।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ "मेरा दिल घबराता है" में **सकर्मक क्रिया** का प्रयोग नहीं हुआ है। यह एक **अकर्मक क्रिया** का उदाहरण है क्योंकि यहाँ क्रिया का फल कर्ता (मेरा दिल) पर ही पड़ रहा है।

◪ **"राधेश्याम रो चुका।" वाक्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग हुआ है?**
**4th Grade - 21.09.2025 (2nd Shift)**
(a) यौगिक क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया (d) प्रेरणार्थक क्रिया

# अविकारी शब्द (अवयव शब्द)

**संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) वह मेरे घर के पीछे रहता है।
(b) हमारे शहर के आसपास बहुत हरियाली है।
(c) माँ के बिना घर सूना–सूना लगता है।
(d) यह काम पहले करना चाहिए था।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ **संबंधसूचक अव्यय**– वे अव्यय शब्द जो किसी संज्ञा शब्द (अथवा संज्ञा के समान उपयोग में आने वाले शब्द) के आगे आकर उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ स्थापित करते हैं, उसे **संबंध सूचक** कहते हैं।

**जैसे**:-

➢ पानी के बिना जीवन नहीं है।
➢ धन के बिना किसी का काम नहीं चलता।

**किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) शहर भर में यह बात फैल गई।
(b) वह तो घर पर नहीं है।
(c) मैं भी आपके साथ चलूंगा।
(d) मैं घर जा रहा हूँ ताकि आराम कर सकूँ।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ **निपात**– किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे **निपात** कहते है।
➢ जैसे– तक, मत, क्या, हाँ, भी, केवल, जी, नहीं, न, काश आदि।

**निपात के प्रकार निम्न हैं–**

➢ **स्वीकृतिबोधक (स्वीकार्य) निपात** – हा, जी, जी हाँ।
➢ **नकारबोधक निपात** – जी नहीं, नहीं।
➢ **निषेधबोधक निपात** – मत।
➢ **प्रश्नबोधक निपात** – क्या।
➢ **विस्मयबोधक निपात** – क्या, काश।
➢ **तुलनाबोधक निपात** – सा।
➢ **अवधारणाबोधक निपात**– ठीक, करीब, लगभग, तकरीबन।
➢ **आदरबोधक निपात** – जी।

**किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) वह कल ही चला जाएगा।
(b) मैं भी उसके साथ जाऊँगा।
(c) मुझे एक गिलास दूध चाहिए।
(d) वह तो आज जाएगा।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**विस्मयबोधक अव्ययों के संबंध में कौन–सा तथ्य सही नहीं है?**

**PSI-2021**

(a) ये वक्ता के हर्ष, शोक आदि मनोभावों को व्यक्त करते हैं।
(b) इनके आगे विस्मयबोधक चिह्न लगाया जाता है।
(c) एक ही विस्मयबोधक शब्द से सभी मनोभावों को सूचित किया जा सकता है।
(d) ये वाक्य से स्वतंत्र होते हैं।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ **विस्मयादिबोधक अव्यय –** जिन अवयवों का संबंध वाक्य के किसी पद से नहीं होता बल्कि जो अव्यय केवल वक्ता के आनंद, हर्ष, भय, शोक, तिरस्कार, घृणा आदि भाव सूचित करते हैं, उन्हें **विस्मयादिबोधक अव्यय** कहते हैं।
➢ जैसे– ओह ! कमबख्त ने कितनी बेदर्दी से पीटा है।
➢ **अव्यय के प्रकार –** क्रियाविशेषण अव्यय, समुच्चयबोधक अव्यय, संबंधबोधक अव्यय, विस्मयादिबोधक अव्यय और निपात अव्यय।

◪ **इनमें किन शब्दों की गणना 'अव्यय' के अंतर्गत की जाती है?**

**PSI-2018**

(a) क्रिया विशेषण शब्द (b) क्रिया शब्द
(c) विशेषण शब्द (d) संज्ञा शब्द

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **निम्नलिखित में कौन अव्यय का प्रकार नहीं है?**

**REET – L 1 - 2015**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संबंधबोधक
(c) समुच्चयबोधक (d) संज्ञा-विशेषण

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ **किस वाक्य में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?**

**2nd Grade हिन्दी : 11.09.2025**

(a) नौकर यहाँ रहता है।
(b) उसे फिल्म देखने की अपेक्षा घूमना पसंद है।
(c) यह काम स्कूल जाने से पहले करना चाहिए ।
(d) परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ता है।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

- नौकर यहाँ रहता है, में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है। अन्य विकल्पों में **संबंधसूचक अव्यय** हैं।

◪ **किस वाक्य में 'संबंधसूचक' अव्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) अजमेर के निकट पुष्कर तीर्थ है।
(b) मुझसे पहले वे चले गए।
(c) हथियारों सहित आतंकवादी पकड़े गए।
(d) बच्चे उस ओर गए हैं।

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ "बच्चे उस ओर गए हैं।" वाक्य में **स्थानबोधक क्रिया विशेषण** हैं।

➢ वह शब्द जो सभी वचनों, सभी पुरुषों में, सभी लिंगों, सभी कारकों में एक समान रहते हैं अर्थात् उनमें कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें **अव्यय** कहते हैं।

➢ **स्थानबोधक अव्यय**- भीतर, बाहर, ऊपर, नीचे, यहाँ, वहाँ, दायें बायें, इधर, उधर, वही कही, पास, दूर, सामने, निकट आदि शब्द है।

◪ **इनमें से किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) मैं तो इस बारे में कुछ नहीं जानता।
(b) लक्ष्मण भी राम के साथ वन में गए।
(c) कमला दिसम्बर में घूमने जाएगी।
(d) तुम कब तक आओगे?

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ **निपात-** ऐसे अव्यय जो वाक्य में किसी शब्द या पद के बाद लगकर उसके अर्थ में विशेष बल देते हैं, उन्हें निपात कहते हैं।

जैसे-

➢ क्या आप भी मुम्बई चलेंगे?

➢ वहाँ मत जाओ।

➢ यहाँ 'भी' और 'मत' विशेष बल डालते हैं, अतः निपात हैं।

➢ जैसे - तुम्हें आज रात रुकना ही पड़ेगा। तुमने तो हद कर दी। यहाँ रेखांकित शब्द निपात है।

◪ **किस वाक्य में संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग हुआ है?**

**PSI-2021**

(a) अपराधी ने पुलिस के सामने झूठ बोला।
(b) वह बहुत देर से ज्यों का त्यों खड़ा है।
(c) मेरा गाँव पास में ही है।
(d) मैं वहाँ कदापि नहीं जाऊँगा।

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ **संबंधसूचक अव्यय-** वे अव्यय शब्द जो किसी संज्ञा शब्द (संज्ञा के समान उपयोग में आनेवाले शब्द) के आगे आकर उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ स्थापित करते हैं, उसे संबंध सूचक कहते हैं।

**उदाहरण-**

➢ पानी के बिना जीवन नहीं है।

➢ दिन भर घूमना अच्छा नहीं होता।

➢ इन वाक्य **में 'बिना' और 'भर'** सबंधसूचक अव्यय हैं।

# लिंग

◪ **'मगरमच्छ' का स्त्रीलिंग है-**

**पुलिस सब-इंस्पेक्टर-2011**

(a) मगरमच्छी (b) मगरमच्छा
(c) मादा मगरमच्छ (d) मगरमच्छानी

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ कुछ संज्ञाएँ नित्य पुल्लिंग होती हैं, जिनका लिंग बदलने के लिए सीधे स्त्रीलिंग रूप नहीं बनता।
➢ ऐसे शब्दों के स्त्रीलिंग को व्यक्त करने के लिए उनके आगे 'मादा' शब्द जोड़ा जाता है, जैसे –
➢ खरगोश = मादा खरगोश,
➢ भेड़िया = मादा भेड़िया,
➢ भालू = मादा भालू,
➢ गैंडा = मादा गैंडा,
➢ मगरमच्छ = मादा मगरमच्छ।

◪ **'हलवाई' का स्त्रीलिंग है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक-2012**

(a) हलवाईन (b) हलवाइन
(c) हलवायीन (d) हलवानी

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ 'आइन' प्रत्यय के योग से बनने वाले पुल्लिंग या स्त्रीलिंग इस प्रकार हैं,

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| ओझा | ओझाइन |
| बाबू | बबुआइन |
| मुंशी | मुंशीआइन |
| लाल | ललाइन |
| हलवाई | हलवाइन |
| ठाकुर | ठकुराइन |
| चौबे | चौबाइन |
| दूबे | दुबाइन |

◪ **'नेता' का स्त्रीलिंग होगा?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक-2012**

(a) नेत्री (b) नेताणी
(c) नेताइन (d) नेतानी

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ शब्दान्त 'ता' के स्थान पर 'त्री' लगाकर पुल्लिंग से स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते है; जैसे –

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| दाता | दात्री |
| ज्ञाता | ज्ञात्री |
| धाता | धात्री |
| कर्ता | कत्री |
| वक्ता | वक्त्री |
| नेता | नेत्री |

◪ **'प्रिय' का स्त्रीलिंग होगा?**

**पटवार भर्ती परीक्षा-2011**

(a) प्रियतम (b) प्रिया
(c) प्रिये (d) प्रियशु

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ शब्दांश **'अ'** के स्थान पर **'आ'** लगाकर पुल्लिंग से स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते हैं ;

**जैसे**

➢ बाल - बाला,
➢ छात्र - छात्रा,
➢ प्रिय - प्रिया,
➢ सुत - सुता,

◪ **इनमें से किस शब्द में लिंग की दृष्टि से परिवर्तन नहीं होता है-**

**JLO (Law)-27.12.2019**

(a) बाघ (b) नौकर
(c) हाथ (d) नायक

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ 'हाथ' शब्द **नित्य पुल्लिंग के रूप** में प्रयुक्त होता है।
➢ अन्य विकल्पों में
➢ बाघ = बाघिन,
➢ नौकर = नौकरानी,
➢ नायक = नायिका स्त्रीलिंग रूप बनेगा।

■ **कौन शब्द पुल्लिंग नहीं है?**

**आरटेट-द्वितीय स्तर-2012**

(a) व्यक्ति (b) भाषा
(c) उपकरण (d) लेखक

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
- ➢ भाषा स्त्रीलिंग शब्द है।
- ➢ लेखक का स्त्रीलिंग रूप लेखिका होगा।

■ **निम्नलिखित में से किस शब्द का एक पर्याय पुल्लिंग है और एक स्त्रीलिंग है?**

**PSI परीक्षा-2011**

(a) गाय (b) ग्रंथ
(c) शेर (d) अर्क

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
- ➢ "ग्रंथ" शब्द का एक पर्याय है "कृति" जो स्त्रीलिंग है।
- ➢ वहीं "ग्रंथ" स्वयं पुल्लिंग शब्द है।

■ **'कवि' का स्त्रीलिंग रूप होगा?**

**आरटेट-प्रथम स्तर, द्वितीय स्तर-2011, 2012]**

(a) कवीयित्री (b) कवि
(c) कवयित्री (d) कवियत्री

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
- ➢ कवि का स्त्रीलिंग रूप कवयित्री होगा।

■ **'सुन्दर' शब्द का स्त्रीलिंग है?**

**तृतीय श्रेणी शिक्षक-2012**

(a) सौन्दर्य (b) सौन्दयंता
(c) सुन्दरी (d) सौन्दयीकरण

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
- ➢ सुंदर का स्त्रीलिंग रूप **सुंदरी** होगा।

■ **किस विकल्प के सभी शब्द पुल्लिंग हैं?**

**PSI-14.09.2021**

(a) कौआ, खरगोश, मंडल
(b) हीरा, मोती, मणि
(c) नथ, मूँगा, पन्ना
(d) हार, पायल, पुखराज

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
- ➢ विकल्प a के सभी शब्द पुल्लिंग हैं।
- ➢ **स्त्रीलिंग शब्द** - मणि, नथ, पायल।

■ **किस विकल्प में पुल्लिंग - स्त्रीलिंग युग्म गलत है?**

**PSI-14.09.2021**

(a) कवि – कवयित्री (b) बाघ - बाघिन
(c) नेता – नेत्री (d) मेंढक – मेढ़ा

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
- ➢ मेंढक का स्त्रीलिंग रूप मेंढकी होगा।
- ➢ अन्य विकल्प सुमेलित हैं।

■ **निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं?**

**2nd Grade हिन्दी : 11.09.2025**

(a) पीतल, संघ, भीड़
(b) चावल, मोती, आँख
(c) सरकार, दौड़, अरहर
(d) सभा, हाथ, कचनार

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

| शब्द | प्रकार |
|---|---|
| सरकार | स्त्रीलिंग |
| दौड़ | स्त्रीलिंग |
| अरहर | स्त्रीलिंग |
| सभा | स्त्रीलिंग |
| भीड़ | स्त्रीलिंग |
| आँख | स्त्रीलिंग |
| हाथ | पुल्लिंग |

■ **किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं?**

**PSI 2021**

(a) चमक, आहट (b) बात, खेत
(c) चालचलन, मिठास (d) भूख, नाच

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
**स्त्रीलिंग शब्दों की पहचान –**
- ➢ ट, आवट और आहट प्रत्ययान्त संज्ञाएँ स्त्रीलिंग हैं।
- ➢ जैसे– झंझट, बनावट, रुकावट, सजावट, चिकनाहट आदि।
- ➢ हिन्दी की वे संस्कृत से भिन्न भाववाचक संज्ञाएँ जिनके अन्त में 'अ' अथवा 'न' हो। जैसे– चमक, दमक, पुकार, समझ, दौड़, चाल, उलझन, जलन आदि।

# वचन

◪ हिन्दी में वचन होते है-

**आरटेट परीक्षा-प्रथम लेवल-2011**

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) अनगिनत

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ वचन शब्द का सामान्य उपयोग किसी के कथन या आश्वासन को दर्शाने के लिए किया जाता है। लेकिन व्याकरण में इसका अर्थ होता है-किसी शब्द की संख्या।

➢ जब किसी विकारी शब्द से उसकी संख्या (एक या एक से अधिक) का पता चलता है, तो उसे **वचन** कहा जाता है।

➢ हिंदी भाषा में दो प्रकार के वचन होते हैं - एकवचन (एक के लिए) और बहुवचन (एक से अधिक के लिए)।

◪ वचन की दृष्टि से कौन-सा शब्द परिवर्तनीय नहीं है?

**JLO (Law)-27.12.2019**

(a) जनता (b) नदी
(c) परीक्षा (d) रास्ता

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो **हमेशा एकवचन रूप में ही प्रयुक्त** होते हैं;

➢ जैसे - भीड़, जनता, प्रजा – समूह को दर्शाते हैं, लेकिन एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं।

➢ दूध, पानी, घी, तेल, जल, स्टील, सोना, चाँदी, लोहा – तरल या द्रव्य रूप में होने के कारण बहुवचन नहीं बनते।

➢ प्रेम, मोह, क्रोध, सत्य, झूठ, क्षमा, इच्छा – भाववाचक संज्ञाएँ हैं, इसलिए एकवचन में ही प्रयोग होती हैं।

➢ आकाश, सूरज, पृथ्वी, ईश्वर, समय – विशिष्ट या अद्वितीय वस्तुओं के लिए प्रयोग होते हैं, अतः बहुवचन नहीं बनता।

➢ सामान, सामग्री, सहायता, दहेज, कचरा, ताश, खेल – सामूहिक संज्ञाएँ हैं, जो एकवचन रूप में ही प्रयुक्त होती हैं।

◪ कौन-सा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है-

**PSI-13.09.2021**

(a) आकाश (b) बाल
(c) आँसू (d) होश

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ आकाश शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है।

➢ वे शब्द जो नित्य बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं-

➢ दर्शन, हस्ताक्षर, आँसू, प्राण, दाम, रोंगटे, रोम, नेत्र, तेवर, होश, क्रिया-कलाप इत्यादि।

◪ निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द बहुधा बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं?

**2nd Grade हिन्दी : 11.09.2025**

(a) प्राण, दाम, दर्शन
(b) लोग, होश, घोड़ा
(c) समाचार, पक्षी, टोपी
(d) भाग्य, मुनि, लकड़ी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

◪ सदैव एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द नहीं है-

**PTET 2025**

(a) जनता (b) हवा
(c) आग (d) बाल

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ ऐसे शब्द जिनका सामान्य रूप केवल एकवचन में होता है, और उनका बहुवचन नहीं बनाया जाता। बारिश, पानी, दूध, घी, दही, आकाश, जनता, सत्य, प्रेम इत्यादि।

➢ ऐसे शब्द जो सदैव बहुवचन के रूप में ही प्रयुक्त होते हैं, एकवचन रूप सामान्य नहीं होता।
उदाहरण - आँसू, दर्शन, प्राण, अक्षत, बाल, लोग, हस्ताक्षर, नेत्र, समाचार, दाम आदि।

**निम्नलिखित में बहुवचन के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन सा है?**
**PSI-15.09.2021**
(a) प्रेम (b) लोग
(c) घी (d) पानी

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है-**
**PSI-15.09.2021**
**JLO (Law)-27.12.2019**
(a) हस्ताक्षर (b) दर्शन
(c) प्राण (d) भीड़

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द बहुवचन में भी यथावत प्रयुक्त होते हैं?**
**II Grade (San. Edu.) Hindi 13.02.2023**
(a) लड़का, घर, नीतियाँ
(b) प्राण, हस्ताक्षर, दर्शन
(c) साड़ी, नारियाँ, भाग्य
(d) लोग, लता, साधु

**उत्तर (b) व्याख्या :-**
➢ उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**कौन एकवचन है?**
**आरटेट-द्वितीय स्तर-2012**
(a) अच्छे लेखक
(b) कौनसी कृतियाँ
(c) अपनी मातृभाषा
(d) अन्य देशों

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ अपनी मातृभाषा एकवचन है।

**'वर्षा' शब्द का उचित बहुवचन चुनिए-**
**राज. पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा-2011**
(a) वर्षाएँ (b) वर्षाओं
(c) वर्षा (d) वर्षांगण

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ वर्षा, प्रेम, घृणा, मिठास, क्रोध आदि सामान्यतः अगणनीय होती हैं और इनका बहुवचन नहीं होता।
➢ इसलिए 'वर्षा' शब्द का कोई बहुवचन रूप प्रचलित नहीं है। यह शब्द एकवचन रूप में ही प्रयुक्त होता है, जैसे-
➢ आज वर्षा हो रही है।
➢ लगातार वर्षा के कारण बाढ़ आ गई।

**निम्नलिखित में से कौन-सा संज्ञा शब्द सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है?**
**2ND GRADE HINDI 2024**
(a) दाम (b) ओठ
(c) सोना (d) आँसू

**उत्तर (c) व्याख्या :-**
➢ सोना वह संज्ञा शब्द है जो सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है।

**'आगरा' का बहुवचन होगा?**
**आरटेट प्रथम स्तर-2011**
(a) आगर (b) आगरों
(c) आगरें (d) बहुवचन नहीं होगा

**उत्तर (d) व्याख्या :-**
➢ 'आगरा' एक विशेष नाम है — यह भारत के एक शहर का नाम है।
➢ विशेष नामों (व्यक्तिवाचक संज्ञाओं) का सामान्यतः बहुवचन रूप नहीं होता, क्योंकि वे किसी एक विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु को दर्शाते हैं।
➢ उदाहरण -आगरा भारत का एक प्रसिद्ध शहर है।
➢ हमने आगरा का किला देखा।

**कौन-सा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त नहीं होता है?**
**PSI-14.09.2021**
(a) दुनिया (b) अनेक
(c) आप (d) तेवर

**उत्तर (a) व्याख्या :-**
➢ दुनिया शब्द का प्रयोग **हमेशा एकवचन रूप में** होता है।
➢ अनेक शब्द का प्रयोग **हमेशा बहुवचन में** होता है, जबकि तेवर और आप ऐसे शब्द हैं जो एकवचन तथा बहुवचन दोनों रूपों में प्रयुक्त हो सकते हैं।

# काल

◪ क्रिया के उस रूपान्तरण को, जिससे क्रिया के व्यापार का समय तथा उसकी पूर्ण अथवा अपूर्ण अवस्था का बोध होता है, को कहते हैं-

**RJS-2015**

**महिला पर्यवेक्षक -2015**

(a) समास (b) सर्वनाम

(c) काल (d) कारक

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ काल क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य, घटना या क्रिया की पूर्णता या अपूर्णता तथा समय का बोध होता है, उसे **काल** कहा जाता है।

➢ काल, क्रिया का ऐसा अंग है जो यह स्पष्ट करता है कि कोई कार्य किस समय पर हुआ, हो रहा है या होगा।

➢ **परिभाषा -** जब क्रिया अपने रूप में यह जानकारी दे कि वह कार्य कब और किस स्थिति (पूर्ण/अपूर्ण) में है, तो उस रूप को **काल** कहते हैं।

◪ निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य आसन्न भूतकाल का उदाहरण है?

**4th Grade - 19.09.2025 (1st Shift)**

(a) श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे।

(b) चाँद अभी-अभी निकला है।

(c) मनोज कल पुस्तकालय गया था।

(d) बस तीव्र गति से दौड़ रही थी।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

– **आसन्न भूत काल**- क्रिया के जिस रूप से क्रिया अभी-अभी पूर्ण होने का बोध होता है, उसे आसन्न भूत काल कहते हैं। इस काल की क्रिया के अंत में 'हूँ, हैं, है, हो' लगता है।

**जैसे-**

– (i) मैं अभी ऑफिस से आया हूँ।

(ii) बच्चा कुर्सी से गिर गया है।

(iii) चाँद अभी-अभी निकला है।

◪ निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य "संदिग्ध वर्तमान काल" का उदाहरण है?

**4th Grade - 19.09.2025 (2nd Shift)**

(a) में यहाँ सुबह से बैठा है।

(b) पुलिस बदमाश का पीछा कर रही है।

(c) सीतामढ़ी में बाढ़ आ रही होगी।

(d) चौकीदार पहरा दे रहा है।

**उत्तर (c) व्याख्या :-**

➢ **संदिग्ध वर्तमान काल -** क्रिया के जिस रूप से वर्तमान काल में क्रिया के होने या करने में अनिश्चितता का बोध हो, उसे संदिग्ध वर्तमान काल कहते हैं।

जैसे- (i) वह लेख लिख रहा होगा।

(ii) आज विद्यालय खुला होगा।

(iii) माँ खाना बना रही होगी।

◪ निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संदिग्ध वर्तमान काल का है?

**4th Grade - 20.09.2025 (1st Shift)**

(a) मोहन सुबह उठता है।

(b) मोहन आ रहा होगा।

(c) चाँद अभी-अभी निकला है।

(d) संभवतः वह कल जाएगा।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ "मोहन आ रहा होगा।"यह वाक्य संदिग्ध वर्तमान काल का है।

अन्य उदाहरण-

(i) विकास फिल्म देख रहा होगा।

(ii) बच्चा रोता होगा।

(iii) रीतिक स्कूल पहुंचने वाला होगा।

◪ **निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य, 'हेतुहेतुमद् भूतकाल' का उदाहरण है?**

**4th Grade - 20.09.2025 (2nd Shift)**

(a) वह आया और मुरारी को गले मिला।
(b) मैं पढ़ता, लेकिन पुस्तक खो गई।
(c) लड़के ने पुस्तक पढ़ी है।
(d) राधा पुस्तकालय में पढ़ती है।

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ **हेतुहेतुमद् भूत काल** - जिन क्रिया पदों से भूतकाल में कार्य होने का संकेत तो मिलता है, परन्तु किसी कारण से कार्य हो नहीं पाया, उसे हेतु-हेतुमद् भूत काल कहते हैं।

➢ इसमें पहली क्रिया दूसरी क्रिया पर निर्भर होती है। पहली क्रिया तो पूरी नहीं होती लेकिन दूसरी भी पूरी नहीं हो पाती।

जैसे-
(i) यदि वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।
(ii) समय पर आते तो बस नहीं छूटती।
(iii) यदि तुमने परिश्रम किया होता, तो पास हो जाते।

◪ **"प्रज्ञा ने पाठ पढ़ा होगा।" वाक्य किस काल से संबंधित है?**

**4th Grade - 21.09.2025 (2nd Shift)**

(a) संदिग्ध भूतकाल
(b) सामान्य भूतकाल
(c) आसन्न भूतकाल
(d) पूर्ण भूतकाल

**उत्तर (a) व्याख्या :-**

➢ **संदिग्ध भूत काल -** भूत काल की क्रिया के जिस रूप से उसके पूरा होने या करने में संदेह का बोध होता है, उसे संदिग्ध भूत काल कहते हैं।इन वाक्यों के अंत में 'गा, गे, गी' आदि आते हैं।

**जैसे-**
(i) डॉक्टर ने दवाई दे दी होगी।
(ii) निरमा गाना गा चुकी होगी।
(iii) दुकानें बंद हो चुकी होगी।

◪ **"वह आए तो मैं जाऊँ।" वाक्य में प्रयुक्त काल है**

**2nd Grade हिन्दी : 11.09.2025**

(a) संभाव्य वर्तमान काल
(b) संदिग्ध वर्तमान काल
(c) संभाव्य भविष्य काल
(d) हेतुहेतुमद् भविष्य काल

**उत्तर (d) व्याख्या :-**

➢ **हेतुहेतुमद् भविष्यत् काल -** क्रिया के जिस रूप से एक कार्य का पूरा होना दूसरी आने वाले समय की क्रिया पर निर्भर हो, उसे हेतुहेतुमद् भविष्यत् काल कहते हैं।

**जैसे-**
(i) वह कमाएगा तो खाना मिलेगा।
(ii) यदि बच्चा रोएगा तो माँ संभालेगी।
(iii) वह आए तो मैं जाऊँ।

◪ **'तुम्हारी घड़ी नौकर ने कहीं रख दी होगी।" वाक्य दर्शाता है-**

**PTET 2025**

(a) सामान्य भूतकाल
(b) संदिग्ध भूतकाल
(c) पूर्ण भूतकाल
(d) संभाव्य भूतकाल

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ संदिग्ध भूतकाल – भूतकाल की जिस क्रिया के साथ शंका या भ्रम पाया जाए वहाँ संदिग्ध भूतकाल होगा। उदाहरण – राधा गयी होगी, वर्षा हुई होगी।

◪ **'वह अपने मित्र के लिए पत्र लिखता होगा।' उक्त वाक्य किस काल से संबंधित है?**

**PSI-14.09.2021**

(a) संदिग्ध भूत
(b) संदिग्ध वर्तमान
(c) सामान्य भविष्यत्
(d) संभाव्य भविष्यत्

**उत्तर (b) व्याख्या :-**

➢ **वर्तमान काल -** क्रिया के जिस रूप से **वर्तमान समय में क्रिया के सम्पन्न होने का बोध हो**, उसे वर्तमान काल कहते हैं।


विज्ञापन

# सफलता की चाबी
# राजस्थान परीक्षा हेतु PYQ's सीरीज़



लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

## लक्ष्य क्लासेज उदयपुर के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में,
## अक्षांश प्रकाशन द्वारा प्रकाशित।







S.No. AP0045 CODE : APDO(35) NRT

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

MRP : ₹299

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

**राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!**

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur